आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- 'विश्व रेबीज दिवस' के अवसर पर उप–राज्यपाल ने द्वीपसमूह को रेबीज मुक्त बनाए रखने पर गर्व महसूस किया है।
- द्वीपों के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा वर्तमान में शहीद द्वीप के दो दिवसीय दौरे पर हैं।
- केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह आज नई दिल्ली में पशुधन बीमा पोर्टल की शुरुआत करेंगे।
- आज से शुरू होने वाली तीन दिन की देशव्यापी बैंक हड़ताल स्थगित हो गई है।

<><><><><><><><>

पूरे विश्व के साथ आज अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भी 'विश्व रेबीज दिवस' मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय एक साथ मजबूत रखा गया है, जो रेबीज के रोकथाम और उन्मूलन में सामूहिक तथा समन्वित प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल ने द्वीपसमूह को रेबीज–मुक्त बनाए रखने पर गर्व महसूस किया है। उन्होंने कहा कि लोगों और जानवरों की बढ़ती कनेक्टिविटी और आवाजाही के साथ, इस उपलब्धि की रक्षा के लिए निरंतर सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने द्वीपों में पशु स्वास्थ्य सेवा, निगरानी और निवारक उपायों को मजबूत करने में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग तथा सभी संबंधित हितधारकों के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए द्वीपवासियों से अपना सहयोग देने का आग्रह किया है।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा वर्तमान में शहीद द्वीप के दो दिवसीय दौरे पर हैं। कल पहले दिन उपराज्यपाल ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान और विश्व पर्यटन दिवस समारोह के भाग के रूप में भारतपुर बीच पर आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत प्रधान, स्वच्छता कर्मचारियों और जनता के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और सभी से द्वीपों को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान देने का आग्रह किया। इससे पहले, शहीद द्वीप पहुंचने पर उपराज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद, उपराज्यपाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर नैदानिक प्रयोगशाला, औषधालय और वार्डों सहित विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता और समय पर मरम्मत की आवश्यकता पर जोर देते हुए निर्माणाधीन 10–बेड वाले वार्ड का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किए जाने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्र के अपने दौरे के दौरान, उपराज्यपाल ने बच्चों और माताओं के साथ बातचीत की और केंद्र के पाठ्यक्रम, कामकाज और गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने मुथुकुमारस्वामी मंदिर का दौरा किया और भगवान मुरुगन की पूजा–अर्चना की। उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने शहीद द्वीप स्थित पुलिस स्टेशन का भी दौरा किया और पुलिसकर्मियों की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों को नियमित गश्त करने और नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा विदेशियों द्वारा अवैध तस्करी के खिलाफ प्रयासों को तेज करने के निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शहीद द्वीप में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने द्वीपों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान 'जन संवाद' कार्यक्रम में भाग लिया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उठाए गए मुद्दों का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद, उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडलों के साथ अलग–अलग बैठकें कीं और द्वीप के त्वरित और समग्र विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त, दक्षिण अंडमान की पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण विकास सचिव, उपराज्यपाल की सचिव और पर्यटन निदेशक उपस्थित थीं ।

<><><><><><><>

केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह आज नई दिल्ली में पशुधन बीमा पोर्टल की शुरुआत करेंगे। इसे देश में पशुधन बीमा सेवाओं के डिजिटल रूपांतरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मंत्रालय के अनुसार, यह पोर्टल पशुधन बीमा के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में काम करेगा। इसके जरिए बीमा योजना के अंतर्गत बीमित पशुओं की पॉलिसी जारी करने, दावों के निपटारे, निगरानी और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। पोर्टल पर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 11 क्षेत्रीय भाषाओं में भी सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे पशुपालक अपनी परिचित भाषा में जानकारी और बीमा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

<><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में रबी अभियान के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय तथा कृषि उत्पादन, उत्पादकता, टिकाऊपन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए साझा रणनीति बनाने पर विचार किया जाएगा ।

<><><><><><><><>

आज से शुरू होने वाली तीन दिन की देशव्यापी बैंक हड़ताल स्थगित हो गई है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन– एआईबीईए ने इसकी पुष्टि की है। यह फ़ैसला भारतीय बैंक संघ–आईबीए के साथ हुए समझौते के बाद लिया गया। एआईबीईए ने बताया कि हड़ताल से जुड़े मुद्दों पर भारतीय बैंक संघ और यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस–यूएफबीयू के बीच हुई बैठक के बाद यह फ़ैसला लिया गया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से कल विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। इस वर्ष के उत्सव का विषय 'पर्यटन को पुनर्गठित करने के लिए डिजिटल एजेंडा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता' था। इस अवसर पर विभाग की ओ से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। सप्ताह भर चले इस उत्सव के समापन अवसर पर सूचना, प्रचार एवं पर्यटन सचिव विनायक चमड़िया ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आम जनता, विशेषकर छात्रों और युवाओं की सराहना की। पर्यटन में डिजिटल बुनियादी ढांचे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, सचिव ने बताया कि विभाग एक सिंगल विंडो सिस्टम विकसित कर रहा है।

यह प्रणाली पर्यटन से संबंधित बुकिंग और सेवाओं को सरल व सुव्यवस्थित बनाएगी। उन्होंने कहा कि द्वीपों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा कई पर्यटन नीतियां शुरू की गई हैं। सचिव ने बताया कि द्वीपों में वर्तमान में राधानगर में एक ब्लू फ्लैग–प्रमाणित समुद्र तट है, जबकि इस वर्ष के अंत तक तीन और समुद्र तटों को ब्लू फ्लैग प्रमाणन मिलने की उम्मीद है। सचिव ने लिटिल अंडमान में सर्फिंग के संवर्धन पर भी जोर देते हुए कहा कि मार्च 2027 के लिए वर्ल्ड सर्फिंग लीग कार्यक्रम को मंजूरी दे दी गई है।

<><><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत, कल द्वीप समूह के चिह्नित समुद्र तटों पर 'समुद्र तट स्वच्छता अभियान' का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आगंतुकों और स्थानीय समुदाय के बीच स्वच्छता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देना था। इस अभियान में आम जनता, पर्यटकों, स्थानीय निवासियों, छात्रों, युवाओं और पर्यटन हितधारकों ने भाग लिया।

<><><><><><><><>